**राज्य परियोजना संचालनालय, विश्व बैंक परियोजना**

**उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश, भोपाल**

**भूतल विंग (ख), सतपुड़ा भवन, भोपाल – 462004**

**ई-मेल: spdnaac@gmail.com फोन: 0755-2928814**

क्रमांक:3731/वि.बै.परि./2025 दिनांक:02/11/2025

**प्रति,**

कुल सचिव,
समस्त शासकीय/निजी विश्वविद्यालय
मध्यप्रदेश

**विषय: उमंग हेल्पलाइन नंबरों के प्रचार-प्रसार के संबंध में।**

**—00—**

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि दिनांक 12 जनवरी 2025 को रविन्द्र भवन, भोपाल में आयोजित स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन कार्यक्रम के दौरान माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी द्वारा उमंग – उच्च शिक्षा हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया था । उक्त सम्बन्ध में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) द्वारा मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं के समाधान तथा छात्र-छात्राओं को जीवन कौशल, करियर एवं स्वास्थ्य संबंधी मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु निम्नलिखित टोल-फ्री हेल्पलाइन संचालित की जा रही हैं:

3. **टेलीमानस मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन – 14416 (टोल फ्री)**

   मानसिक एवं भावनात्मक समस्याओं के लिए यह सेवा *24×7* उपलब्ध है, साथ ही प्रत्येक जिले में *मन्-कक्ष* की स्थापना की गई है, जहाँ विशेषज्ञ द्वारा परामर्श उपलब्ध कराया जाता है।

4. **उमंग किशोर हेल्पलाइन – 14425 (टोल फ्री)**

   स्वास्थ्य, जीवन कौशल, करियर मार्गदर्शन, एवं किशोरावस्था से संबंधित विषयों पर निःशुल्क परामर्श हेतु यह सेवा *UNFPA के सहयोग से* संचालित की जा रही है।

प्रचार-प्रसार हेतु छात्र-छात्राओं को सूचित करना, सूचना-पटल, कॉमन रूम, केन्टीन, हॉस्टल पर प्रदर्शित करना, कक्षा-स्तर पर जानकारी देना एवं कॉलेज की वेबसाइट/सोशल मीडिया पर साझा करना सुनिश्चित करें ।

अतः विश्वविद्यालयों में दोनों हेल्पलाइन नंबर का विद्यार्थीयों के बीच **व्यापक प्रचार-प्रसार** किया जाना सुनिश्चित करने का अनुरोध है

**(आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अनुमोदित)**

**(डॉ. उषा के. नायर)**
विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश

क्रमांक:3732/वि.बै.परि./2025 दिनांक:02/11/2025

प्रतिलिपि:

1. निजी सहायक, आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश
2. गार्ड फाइल

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश